**भारत सरकार**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 3001**

**13 दिसंबर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**स्वदेशी सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण**

**3001. श्री तेजस्वी सूर्या:**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कैंसर, मधुमेह, हृदय रोग और स्ट्रोक की रोकथाम और नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम (एनपीसीडीसीएस) के कार्यान्वियन संबंधी सांख्यिकीय आंकड़ा क्या है;

(ख) स्वदेशी सर्वाइकल कैंसर टीका के अनुसंधान और विकास संबंधी स्थिति का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (यूआईपी) के अंतर्गत 9-14 वर्ष की सर्वाइकल कैंसर से पीड़ित किशोरियों को टीका/एचपीवी टीका लगाने की सरकार की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) देश भर में इस कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं;

(ङ) क्या सरकार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (पीएचसी) स्तर पर देश भर में जनसंख्या आधारित जांच के रूप में स्तन कैंसर की जांच शुरू करने की योजना बना रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) सरकार द्वारा देश में तम्बाकू के उपयोग को कम करने और कैंसर की रोकथाम को बढ़ावा देने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क): स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, भारत सरकार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के भाग के रूप में वर्ष 2010 से गैर-संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम (एनपी-एनसीडी) के अंतर्गत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करता है। यह कार्यक्रम अवसंरचना को सुदृढ़ करने, मानव संसाधन विकास, शीघ्र निदान, उपचार और प्रबंधन के लिए उचित स्तर की स्वास्थ्य सेवा

सुविधा के लिए रेफरल और गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य संवर्धन और जागरूकता सृजन करने पर केंद्रित है। एनपी-एनसीडी के तहत 770 जिला एनसीडी क्लीनिक, 372 जिला डे केयर सेंटर, 233 कार्डियक केयर यूनिट और 6410 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एनसीडी क्लीनिक स्थापित किए गए हैं।

(ख): "सर्वावैक" गर्भाशय-ग्रीवा कैंसर की रोकथाम के लिए भारत का पहला स्वदेशी रूप से तैयार टीका है।

(ग) और (घ): मानव पेपिलोमा वायरस (एचपीवी) वैक्सीन सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम का भाग नहीं है।

(ङ): राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत देश में व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य परिचर्या के एक भाग के रूप में स्तन कैंसर सहित सामान्य एनसीडी की जांच, प्रबंधन और रोकथाम के लिए जनसंख्या-आधारित पहल शुरू की गई है। राष्ट्रीय एनसीडी पोर्टल के अनुसार, 8 दिसंबर 2024 तक 14.33 करोड़ महिलाओं की स्तन कैंसर के लिए जांच की जा चुकी है।

(च): स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (स्वास्थ्य और परिवार कल्याण) तंबाकू के उपयोग को कम करने और लोगों को यह आदत छोड़ने में मदद करने के लिए कार्य कर रहा है। इस संबंध में एक प्रमुख पहल तंबाकू मुक्त युवा अभियान है। दिनांक 31 मई, 2023 को, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने पहली बार 60-दिवसीय तंबाकू मुक्त युवा अभियान शुरू किया, यह अभियान सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में लागू किया गया। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने वर्ष 2024 में तंबाकू मुक्त युवा अभियान 2.0 का शुभारंभ किया है, जिसमें तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के बारे में युवाओं को शिक्षित और सशक्त बनाने के लिए विस्तारित कार्यनीतियों और सोशल मीडिया को इस कार्य में लगाने पर अधिक ध्यान दिया गया है। इस अभियान की प्रमुख कार्यनीतियों में से एक तंबाकू मुक्त शैक्षिक संस्थान (टीओएफईआई) के अनुपालन को बढ़ाना है। इसके अतिरिक्त, इस वर्ष, अभियान ने युवाओं को जोड़ने और तंबाकू के उपयोग और उभरते तंबाकू उत्पादों के खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए अपनी सोशल मीडिया की उपस्थिति को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक नए घटक की शुरूआत की है। इस कार्यनीति में इंस्टाग्राम, यूट्यूब, ट्विटर और फेसबुक जैसे प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर नियमित और प्रभावशाली ऑनलाइन संदेश देना, युवाओं को शामिल करना और उन्हें स्वस्थ, तंबाकू मुक्त जीवन जीने के लिए सशक्त बनाना शामिल है।

******